# पर्यटन अध्ययन

बी.टी.एस
प्रथम वर्ष

सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2010-11)

## टीएस - 1 और टीएस - 2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**सत्रीय कार्य**
**बीटीएस**
**(पर्यटन अध्ययन)**

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) करना है।

सत्रीय कार्यों को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ लें। हम आपको टीएस -1 और टीएस - 2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः** सभी सत्रीय कार्यों को **समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।** अपने सत्रीय कार्य के मुखपृष्ठ पर अपनी नामांकन संख्या, नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें।** यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

**मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें।** अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (SED), इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

**सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश**

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500-700 शब्दों अथवा सत्रीय कार्य में किए गए उल्लेख के अनुसार देने की आशा करते हैं। इसके लिए निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1. **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात् उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2. **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें।

## यह सुनिश्चित करें किः

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।

ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।

ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही-सही लिखा है।

3. **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**अरविन्द कुमार दुबे**
**कार्यक्रम संयोजक,बीटीएस,डीटीएस,सीटीएस**

**सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची**

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस - 1 | 30 अप्रैल, 2010 | 31 अक्तूबर, 2010 |
| टीएस - 2 | 31 अक्तूबर, 2010 | 30 अप्रैल, 2011 |

# टी एस-1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टी.एस-1**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस-1/टीएमए/2010-11**
**कुल अंकः 100**

---

**नोटः इस टीएमए में दो भाग हैं।**

**भाग - I में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें से आपको किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है। इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।**

**भाग - II में 8 प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।**

**इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

### भाग-I

1. विपणन क्या है? विपणन के विविध संवर्द्धनात्मक उपकरणों की स्पष्ट जानकारी दीजिए। 25

अथवा

2. परिवहन के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 25

---

### भाग - II

1. पर्यटन के विविध प्रकारों की चर्चा कीजिए। 15
2. विश्व पर्यटन संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 15
3. गाइड और अनुरक्षक (मार्गरक्षी) के बीच अंतर बताइए। पर्यटन विकास में गाइड की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 15
4. अपनी पसंद के किसी पर्यटन स्थल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 15
5. पर्यटन विकास में मीडिया (संचार माध्यम) की भूमिका की विवेचना कीजिए । 15
6. संग्रहालय के विभिन्न प्रकार क्या हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 15
7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिएः (2 x 7½ = 15)

   क) राष्ट्रीय कार्य योजना, 1992

   ख) मनीला सम्मेलन
8. पर्यटन के सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव की चर्चा कीजिए। 15

**टी एस - 2 : पर्यटन विकास (उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन)**

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोडः टी.एस-2**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस-2/टीएमए/2010-11**
**कुल अंकः 100**

**नोटः इस टीएमए में दो भाग हैं।**

**भाग-I में दो प्रश्न दिए गए हैं जिनमें से आपको किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है। इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।**

**भाग-II में 8 प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।**

**इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग-I**

1. भारत को एक पर्यटन स्थल (गंतव्य) के रूप में संवर्द्धित करने में भारतीय यात्रा निगम (टी.सी.आई.) की क्या भूमिका है? 25

अथवा

2. जातीय (ethnic) पर्यटन की संकल्पना और इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए । 25

---

**भाग - II**

1. पारिस्थितिकी-पर्यटन और साहसिक पर्यटन के बीच अंतर बताइए। 15
2. भारत में अपनी पसंद के कुछ तीर्थ स्थलों को शामिल करते हुए दस दिन का कार्यक्रम बनाइए। 15
3. भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न मौसमी और सांस्कृतिक त्यौहार कौन से हैं? 15
4. पैलेस ऑन व्हील्स पर एक निबंध लिखिए । 15
5. एकांतवास की भूमि - लद्दाख के प्रच्छन कोष के बारे में चर्चा कीजिए। 15
6. सीता (SITA) में संगठनात्मक संरचना, भरती और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की चर्चा कीजिए। 15
7. पाटा (PATA) के बारे में विस्तार से चर्चा कीजिए। 15
8. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिएः (3x 5 = 15)

   (क) एयर इंडिया

   (ख) वाइल्डरनेस (wilderness) (सुनसान जंगल पर्यटन)

   (ग) परंपरा पर्यटन (हेरिटेज पर्यटन)